## एक नजर में

### हिन्दुओं के घर -घर जाकर पीले चावल से न्योता दे रहे आयोजक कार्यकर्ता



**गोगावा, निप्र।** संगठित हिन्दू समर्थ भारत का नारा ही सनातन धर्म हमारे भारत राष्ट्र की आत्मा है।हिंदू समाज अनंतकाल से प्रकृति का पूजन करते हुए मानवता और गौरवशाली संस्कृति का संवाहक रहा है समरसता और संगठित हिन्दू समाज की धर्म ध्वजा थाम कर भारत माता को परम वैभव की ओर ले जाने के लिए हर हिंदू संकल्पित है इसी संकल्प के साथ ग्यारह जनवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन की तैयारिया भी शुरू हो गई है इसी को लेकर मां नर्मदा हिंदू आयोजन समिति के कार्यकर्ता नगर के हर हिंदू समाज के घर घर टोली में पहुंचकर सम्मेलन में आने के लिए पीले चावल रखकर न्योता दे रहे हैं वही हर घर से जो भी सेवच्छिक दान मिल रहा है उसे भी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वीकार किया जा रहा है । बताया जा रहा है कि इस सम्मेलन में कुटुंब सहित सादर आमंत्रण दिया जा रहा जिसमे भोजन की व्यवस्था भी शामिल रहेगी आयोजन समिति के समस्त हिन्दू जनो ने अपील करते हुए कहा कि इस सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्म लाभ लेना हर हिंदू का कर्तव्य रहेगा।

### सेवानिवृत्त शिक्षक सोमचंद पांडेय का 85 वर्ष की उम्र में निधन



**मंडलेश्वर, निप्र।** माध्यमिक विद्यालय छोटी खरगोन से सन 2003 में सेवानिवृत्त हुए सेवानिवृत्त शिक्षक सोमचंद पांडेय का 85 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। शिक्षक भगवान पाण्डेय और शिक्षक स्वर्गीय प्रेमचंद पांडेय के पिता एवं प्रतीक अमन निखिल सार्थक के दादा श्री सोमचंद पांडे ने सोमवार 12 बजे बाद अंतिम सांस ली। उनकी शवयात्रा शाम 4 बजे प्रतीक निवास वार्ड 11 से निकली अंतिम संस्कार मुक्ति धाम मंडलेश्वर नर्मदा घाट पर किया गया मुखाग्नि उनके पोते निखिल पांडेय ने दी।इस अवसर पर मुक्तिधाम में आयोजित श्रद्धांजली सभा में उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। पार्षद कमलेश भार्गव भाजपा मंडल उपाध्यक्ष हरि गाडगे दुर्गेश राजदीप दीपक चौबे एम एल महासे क्षितिज खांडे उत्कर्ष खांडे दिनेश दवाड़े सुरेश खांडे कमल निर्गुडे सहित समाज के गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

### पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी की जन्म शताब्दी पर काव्य गोष्ठी



**बड़वाह, निप्र।** बड़वाह कॉलेज में भा रतीय जनता पार्टी जिला खरगौन द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी वर्ष पर अटल जन्म शती स्मृति पर्व पर एक काव्य गोष्ठी * *अटल काव्य अनुष्ठान का आयोजन किया गया।जिसमें डॉ शंभू सिंह मनहर* * राकेश यादव* तथा * दीपक पगारे* एवं * अतुल तंबोली* आदि कवि गण ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम में *भाजपा जिला अध्यक्ष नन्दा नंदा ब्राह्मणे जिला महामंत्री विवेक जी भटोरे जिला महामंत्री हरेसिंग चावड़ा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सुराणा नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता पुर्व महामंत्री महिम ठाकुर मंडल अध्यक्ष अंकित गुप्ता ग्रामीण अध्यक्ष खुमान सिंह जाट दिपक ठाकुर कार्यक्रम संयोजक रौमेश विजयवर्गीय रवि ऐरन मंडल महामंत्री महेंद्र अमई मंडल उपाध्यक्ष लाखनसिंह गड़गोती मिक्की चोहान ग्राम मंडल उपाध्यक्ष एन एस सोलंकी विशाल कुमरावत सहित भाजपा पदाधिकारी वरिष्ठ उपस्थित थे।

### अजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष परमार का किया स्वागत



**बड़वाह, निप्र।** भाजपा अनुसूचित जाती मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार का प्रथम नगर आगमन हुआ। राजाजी न्यूज एजेंसी कार्यालय पर अनुसूचित जाती मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा उनका स्वागत अभिनंदन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष श्री परमार ने कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए कहा की प्रदेश के मुखिया डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व मे प्रदेश तेज गति से आगे बढ़ रहा है।हमें भाजपा अनुसूचित जाती मोर्चा को प्रत्येक विधानसभा मे मजबूत करना है।इस अवसर पर भाजपा नेता डॉ.एन.एस.सोलंकी,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अंकित गुप्ता,जिला पदाधिकारी दीपक ठाकुर,अजा मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश कोठिया, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अशोक भालसे,अमरसिंह चौहान,बी आर सांवले,सुधीर सोहनी,विजय चौहान,विजय वर्मा,मुकेश शर्मा,राजा सोलंकी पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### आरक्षक ने थाने पर मचाया बवाल, एसपी ने किया निलंबित



**खरगोन, निप्र।** भीकनगांव थाने में मंगलवार देररात जमकर बवाल मचा। यहां पदस्थ आरक्षक दीपक यादव पर शराब के नशे की हालत में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अभद्र व्यवहार करने के गंभीर आरोप लगे है। इस हंगामे का वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में आरक्षक एक महिला अधिकारी के साथ भी अभद्रता करते नजर आया है। आरक्षक के इस व्यवहार को अनुशासनहीनता करार देते हुए एसपी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए आरक्षक को निलंबित कर लाईन अटैच किया है। इस कार्रवाई की एएसपी बिट्टू सहगल ने पुष्टि की है। मिली जानकारी अनुसार आरक्षक दीपक यादव ने मंगलवार देररात थाना प्रभारी गुलाब सिंह रावत की मौजूदगी में अपने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ न केवल अभद्र व्यवहार किया, बल्कि गाली-गलौज भी की। एएसपी सहगल ने बताया कि थाना प्रभारी के प्रतिवेदन पर पुलिस अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से आरक्षक को निलंबित कर दिया। आरक्षक के खिलाफ विभागीय जांच भी की जाएगी। आरक्षक पर पूर्व में भी इस तरह के व्यवहार की शिकायतें सामने आई है, जिसकी जांच की जा रही है।

# बैग फैक्ट्री में नए साल के पहले दिन से स्थाई तालाबंदी

## ढाई सौ से अधिक कमर्चारियों को तीन माह से नहीं मिला वेतन, बिजली पानी बंद किया

नवभारत न्यूज़

**बड़वाह, निप्र।** फ्लेक्सी फ्यूजन सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड बड़वाह (बैग फैक्ट्री) में नए साल में तालाबंदी होने की तैयारी है, फैक्ट्री में करीब पांच वर्षों से कार्य कर रहे लगभग ढाई सौ से अधिक कर्मचारियों को तीन माह से वेतन नहीं मिला है। बिजली और पानी की सप्लाई बंद है। प्रबंधन ने मजदूरों के प्रकाश हवा और पेयजल के साथ किराए की भूमि का किराया भी बंद कर दिया है। प्रबंधन द्वारा फैक्ट्री पुन: चालू करने की झूठे आश्वास दिए, फिर कर्मचारियों को पीथमपुर के प्लांट में नौकरी करने का विकल्प दिया। जबकि पीथमपुर के प्लांट के भी कमोबेश यही हालत है। आजीविका पर आसन्न खतरे से प्रभावित होने वाले कर्मचारियों ने फैक्ट्री परिसर में बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण शर्मा और उनके साथी कांग्रेस नेताओं को ये सारी जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें ये सूचना आई कि पहली जनवरी को फैक्ट्री में स्थाई तालाबंदी हो जाएगी। इससे कमर्चारियों में अपने भविष्य को लेकर गहरी चिंता है। फैक्ट्री में पच्चीस से अधिक महिला कर्मचारी अपने परिवार और बच्चों के लालन पालन और रुके हुए वेतन एवं पीएफ के पैसे को लेकर चिंतित है। सरकार की नीतियों के कारण प्रदेश भर में लगातार बंद हो रही रोजगार मूलक औद्योगिक इकाइयों के श्रेणी में नई तालाबंदी की चपेट में आई बड़वाह की बैग फैक्ट्री के स्थाई तालाबंदी के नौबत की जानकारी मिलने पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने अपने सहयोगी कांग्रेस पदाधिकारियो हिम्मत



पटेल एवं जितेंद्र यादव के साथ मौके पर कर्मचारियों से मिले और फैक्ट्री परिसर का मुआयना कर उपस्थित कर्मचारियों से फैक्ट्री के जिम्मेदारों और प्रबंधन की जानकारी ली। कर्मचारियों से उनकी दिक्कतों पर विस्तार से चर्चा करके उनके संघर्ष में यथासंभव सहयोग का भरोसा दिया। प्रवीण शर्मा ने दूरभाष पर जिला श्रम विभाग के जिम्मेदारों से ओपन स्पीकर चर्चा की। इन कर्मचारियों के हितों के कानूनी संरक्षण की मांग करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकार के खिलाफ सड़क संघर्ष और आंदोलन की बात कहने पर श्रम निरीक्षक ने कर्मचारियों के सारे कानूनी हक उन्हें दिलवाने में विभागीय मदद का आश्वासन दिया। चर्चा के दौरान एक ओर चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि फैक्ट्री प्रबंधन ने कर्मचारियों के वेतन में से तीन वर्ष से लगातार काटी हुई भविष्य सुरक्षा निधि की रकम को भी प्रोविडेंट फंड में जमा नहीं किया है। जबकि कानूनी रूप से कोई फैक्ट्री प्रबंधन ऐसा नहीं कर सकता है। तीन वर्ष का पीएफ का पैसा जमा न करते हुए प्रबंधन ये लाखों रुपए की राशी भी दबाए बैठा है कांग्रेस नेता ने प्रवीण शर्मा कहा कि इस बेग फैक्ट्री में ढाई सौ से अधिक स्थाई कर्मचारी है, बड़वाह क्षेत्र की रोजगार मूलक औद्योगिक इकाई भारत सरकार की लघु उद्योगों को चोट पहुंचने वाली नीतियों का शिकार हुई है। चर्चाओं में खुलासा हुआ कि इसी उद्योगपति घराने की अन्य चार पांच और फैक्ट्रियां चल रही है। किंतु लाभ में चल रही बड़वाह और पीथमपुर की फैक्ट्री को बंद करने की तैयारी हो गई है। अंतरराष्ट्रीय स्थितियों का हवाला देकर फैक्ट्री प्रबंधन ने फैक्ट्री संचालन के लिए धन की कमी कमी का हवाला देकर विभागीय पत्राचार में लाइसेंस रद्द करवाने की बात कही है। बड़वाह की फैक्ट्री में स्थाई तालाबंदी का विरोध करते हुए कांग्रेस नेता प्रवीण शर्मा ने मुख्यमंत्री, उद्योगमंत्री, स्थानीय विधायक सांसद, और जिला कलेक्टर से समस्या के समाधान की मांग करते हुए, कर्मचारियों को तीन माह का रुका हुआ वेतन दिलाने ओर भविष्य निधि का पैसा जमा करवाने के साथ फैक्ट्री वापस शुरू करवाने की मांग की है।

## शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय का सेवानिवृत्ति समारोह गौरव पूर्ण तरीके से संपन्न

**कसरावद, निप्र।** शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 02 कसरावद में श्री यशवंत मालवीय सर (उच्च श्रेणी शिक्षक) की अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर विद्यालय परिवार व समस्त छात्राओं ने उन्हें विदाई देकर उनका सेवानिवृत्ति समारोह गौरव पूर्ण तरीके से संपन्न हुआ । कार्यक्रम का प्रारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया । कार्यक्रम के सूत्रधार श्री मोहन यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत वंदन अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि में विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री बी एस निगवाल ,संकुल प्राचार्य श्री हेमेंद्र वेडनेकर, कसरावद जेलर श्री धर्मवीर उमरैया उपस्थित रहे । विशेष अतिथियों में शाला प्रबन्धन विकास समिति के अध्यक्ष- श्री महावीर चौहान, उपाध्यक्ष- श्रीमती पिंकी देवी, श्री राजेश



मालवीय, कसरावद शिक्षक संघ अध्यक्ष- श्री पाटीदार जी उपाध्यक्ष श्री राजेश चौहान, पूर्व बी ए सी श्री संजय कर्मा एवं विद्यालय के सी ए सी श्री देवराम हतागले, विद्यालय परिसर में ही स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 01, सांदीपनि माध्यमिक विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय क्रमांक 02 एवं प्राथमिक विद्यालय क्रमांक 03 के समस्त प्रधान पाठक और स्टाफ और समस्त अभिभावक गण उपस्थित रहे। विद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति दी जिसमें अतिथियों के स्वागत में स्वागत नृत्य,योग जिम्नास्ट, रणछोड़ रंगीला नृत्य, आदिवासी संस्कृति से युक्त नृत्य, गुरु महिमा से ओत प्रोत गीत और 6वी की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मातृ पितृ वंदना मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे । सभी अतिथियों ने श्री यशवंत मालवीय जी का स्वागत फूलमाला और उपहार देकर किया। विद्यालय की समस्त छात्राओं ने भी श्री यशवंत मालवीय जी को उपहार स्वरूप उनका हैंड मेड पोर्ट्रेट स्केच बना कर दिया। शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 02 कसरावद के समस्त स्टाफ ने श्री फल, शॉल, श्रीमद् भगवत गीता, तांबे का कलश और प्रशस्ति पत्र देकर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में प्रधान पाठिका श्रीमती मनोरमा शाक्य ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथिगणों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के समापन पर समस्त स्टाफ और छात्राएं श्री यशवंत मालवीय सर को उनके निवास तक धूम-धाम से छोड़ने गए , इसी के साथ श्री यशवंत मालवीय सर का सेवानिवृत्ति समारोह सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ ।


## 18 जनवरी को मंडलेश्वर में होगा हिन्दू सम्मेलन



**मंडलेश्वर, निप्र।** आज समाज के हिंदू सम्मेलनों की आवश्यकता इसलिए है क्योंकि समाज अपने मूल संस्कारों और शास्त्रों से दूर होता जा रहा है।यह बात मंडलेश्वर के होने वाले हिंदू सम्मेलन को लेकर जूना श्रीराम मंदिर में आयोजित बैठक में पंडित पंकज मेहता ने कही। आपने कहा कि आज समाज में एकता सांस्कृतिक चेतना एवं शास्त्रीय ज्ञान की आवश्यकता है। जाति व्यवस्था समाज की कमजोरी नहीं है बल्कि सामाजिक व्यवस्था की एक विशेषता के रूप में समझने की जरूरत है आज सामाजिक समरसता को सशक्त करने की जरूरत है। जूना श्रीराम मंदिर में आयोजित बैठक में आगामी हिन्दू सम्मेलन को लेकर नगर की चार प्रमुख बस्तियों महाराणा प्रताप बस्ती भगत सिंह बस्ती चंद्रशेखर आजाद बस्ती व अवध बस्ती के लिए संयोजक सह संयोजक एवं नगर संयोजक की घोषणा की गई। सम्मेलन को भव्य सुव्यवस्थित बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाई गई।यह सम्मेलन स्कूल ग्राउंड मंडलेश्वर पर आयोजित होगा।

## पति के सपने को पूरा करने इशिका सोनी ने स्थापित की सांवरिया पैथोलॉजी लैब


**खरगोन, निप्र।** खरगोन जिले के महेश्वर के वार्ड 01 पेश्वा मार्ग की रहने वाली इशिका सोनी हमेशा से अपने परिवार और समाज के स्वास्थ्य क्षेत्र में योगदान देने की इच्छा रखती थीं। उनके पति एक प्रशिक्षित लैब टेक्निशियन हैं और वर्षों से अलग-अलग जगहों पर कार्य करते हुए अपना स्वयं का पैथोलॉजी लैब शुरू करने का सपना देख रहे थे। तकनीकी ज्ञान होने के बावजूद आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण यह सपना पूरा नहीं हो पा रहा था। इसी दौरान इसिका को मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना की जानकारी एसबीआई बैंक के मैनेजर द्वारा मिली। योजना की विस्तृत जानकारी उद्योग विभाग के अधिकारियों से समझने के बाद इसिका ने अपने पति के तकनीकी अनुभव को आधार बनाते हुए पैथोलॉजी लैब चलाने का निर्णय लिया। योजना के अंतर्गत उन्हें ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिससे प्रयोगशाला के लिए



आवश्यक मशीनें, उपकरण और अन्य संसाधनों की खरीदना संभव हो पाया। कुछ ही समय में इसिका की सांवरिया पैथोलॉजी लैब ने स्थानीय लोगों के लिए विश्वसनीय और समय पर जांच सेवाएं उपलब्ध कराना शुरू कर दिया। आज सांवरिया पैथोलॉजी लैब महेश्वर क्षेत्र में एक भरोसेमंद नाम बन चुकी है। इसिका सोनी न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनी हैं, बल्कि उन्होंने अपने पति के साथ मिलकर समाज को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का महत्वपूर्ण कदम भी उठाया है। उद्यम क्रांति योजना का लाभ लेकर इसिका अपने पति के सपने का पूरा कर पैथोलॉजी से अच्छी आय अर्जित कर रही है। उल्लेखनीय है कि इसिका सोनी द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत वर्ष 2024-25 में पैथोलॉजी लैब स्थापित करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक, एम.जी. रोड, महेश्वर शाखा से 08 लाख रुपये का ऋण प्राप्त किया था। योजना अंतर्गत इसिका को वितरीत ऋण पर 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान और सीजीटीएमएसई गारंटी फीस अधिकतम 7 वर्ष तक शासन द्वारा वहन की जाती है। इसिका सोनी ने योजना के तहत मिली राशि से आधुनिक उपकरण खरीदकर सांवरिया पैथोलॉजी लैब शुरू की, जो आज महेश्वर क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण जांच सेवाएं प्रदान कर स्थानीय लोगों का भरोसा जीत चुकी है।

## नववर्ष की मंगल बेला में गुरु शननिधि में होंगे अनेक आयोजन

**सनावद, निप्र।** नव वर्ष की मंगल बेला में कल गुरुवार 1 जनवरी 2026 को आदिनाथ जिनालय छोटा मंदिरजी में अनेक कार्यकम आयोजित किए जायेगे। सन्मति जैन काका ने बताया की नगर में शीतकालीन वाचना हेतु विराजमान.पू. मुनिश्री 108 अक्षयसागर जी महाराज प.पू. मुनिश्री 108 निराकुलसागर जी



महाराज व पू.क्षुल्लक 105 श्री तत्वार्थसागर जी महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में अनेक प्रकार आयोजन होगे। आशीष झांझरी के अनुसार प्रात: 6:30 बजे से अभिषेक,शांतिधारा पश्चात प्रात: 7 बजे से भक्तामर मंडल विधान रखा गया है।पश्चात पूज्य मुनिसंघ के मंगल प्रवचन भी आदिनाथ मंदिर जी में ही होंगे। इसआयोजन में समाजजन समय का विशेष ध्यान रखते हुए सभी कार्यक्रमों में पधारकर धर्मलाभ लेकर पुण्यार्जन करेंगे।

## श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन श्रीकृष्ण-रुक्मणि विवाह

**सनावद, निप्र।** श्री कृष्ण गौशाला ढकलगांव में पिछले 6 दिनों से चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन श्रीकृष्ण-रुक्मिणी का विवाह हुआ। भागवत कथा के व्यास पीठ पर कथावाचक पं चंद्रशेखर कानूनंगो ने पंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाये जाने वाले पंच गीत, भागवत के पंच प्राण हैं, जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है। वह भव पार हो जाता है। उसे वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती हैं। महाराज ने कथा में भगवान का



मथुरा प्रस्थान, कंस वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, उद्धव-गोपी संवाद, द्वारका की स्थापना, रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया। आस्था और विश्वास के साथ भगवत प्राप्ति आवश्यक हैं। भगवत प्राप्ति के लिए निश्चय और परिश्रम भी जरूरी हैं। भगवान श्रीकृष्ण रुक्मणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। कथा के दौरान भक्तिमय संगीत ने श्रोताओं को आनंद से परिपूर्ण किया। उन्होंने कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। कथावाचक ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण-रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती हैं।

**एक नजर में** — **खान ने हमेशा कर्मचारी और विभाग हितों की दी प्राथमिकता**

## 39 वर्ष की सेवा के बाद समारोहपूर्वक विद्युतकर्मी को दी विदाई

नवभारत न्यूज़

**खरगोन, निप्र।** मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी से सेवानिवृत हुए वरिष्ठ श्रमिक नेता एसएफ खान का 31 दिसंबर को कार्यकाल पूरा होने पर भावभिनी सेवानिवृत्ति दी गई। अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ ही स्नेहीजनों ने निजी होटल में विदाई समारोह आयोजित कर श्री खान की विद्युत विभाग में 39 वर्षों की लंबी सेवाओं की सराहना करते हुए उन्हें उपहार भेंटकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। समारोह के दौरान वरिष्ठ समाजसेवी एवं सेवानिवृत्त विद्युतकर्मी एलएन मालवीय ने मंच से संबोधित करते हुए ने कहा कि सेवानिवृत्त



खान एक सच्चे, सरल स्वभाव और नेक दिल इंसान हैं। खान ने हमेशा कर्मचारी और विभाग हितों को प्राथमिकता दी और यही कारण है कि आज उनकी सेवानिवृत्ति पर हर वर्ग उन्हें सम्मान और स्नेह के साथ विदाई दे रहा है। गजेन्द्र गीते ने कहा श्री खान विद्युत विभाग के ऐसे कर्मठ और जिम्मेदार कर्मचारी रहे हैं, जिन्होंने अपने पूरे सेवाकाल में निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य किया। इतना ही नही जिला विद्युत कर्मचारी सहकारी साख संस्था के करीब 20 वर्षों तक संचालक तथा 10 वर्ष तक संस्था के उपाध्यक्ष भी रहते हुए पूरी निष्ठा के साथ सेवाएं दी। उनका यह समर्पण, आत्मियता का भाव हमारे लिए प्रेरणादायक और यादगार है। अतीन्द्र मोहन वर्मा, विजय यादव, महेंद्रसिह चौहान आदि ने कहा जब भी किसी भी प्रकार की शिकायत होती थी और खान से संपर्क किया जाता था, तो वे बिना किसी देरी के तुरंत मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान करते थे। आज के समय में ऐसे कर्मचारी बहुत कम देखने को मिलते हैं, विभागीय जिम्मेदारियों के साथ-साथ आम जनता की समस्त समस्याओं को भी अपनी निजी जिम्मेदारी समझते हों।

समारोह में खान ने भावुक होते हुए कहा कि मेरे सेवाकाल में आप सबका जो स्नेह, समर्थन और सहयोग मिला, उसके चलते में इतना लंबा कार्यकाल पुरा कर सका। में आप सबका हमेशा आभारी रहूंगा। जब भी मेरी आवश्यकता होगी में आपके बीच उपलब्ध होने का पुरा प्रयास करूंगा। इस दौरान प्रभात जोशी, श्यामलाल पाटीदार, सूरेश ठाकुर, नीतिन मण्डलोई, चन्द्रहास नामदेव, मुकेश बार्चे, नवनीत यादव, रियाज हुसैन आदि ने उपस्थित थे।